तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

# हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 19 जून 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



04 स्कूली विद्यार्थियों को पत्रकारिता और ...





04 मेडिकल कॉलेज व अस्पतालों में लगाई ...




## वारदात : हत्या का कारण अभी तक समझ के परे, कुछ भी सुराग हाथ नहीं लगे

# मितानिन प्रेरक की पत्थर से कुचलकर हुई हत्या, हूलघाट नदी किनारे पड़ा मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस, परिजनों को दी जानकारी
- ग्रामीणों ने बताया कि अचानक शव देखकर सबसे पहले पुलिस को जानकारी दी





विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत हामतवाही एवं चिखली की प्रशिक्षक मितानिन प्रेरक जयंती मंडल का शव हुलघाट नाला के किनारे मिला, उसका सिर पत्थर से कुचला हुआ है। घटना की जानकारी परिजनों को दिया गया और परिजनों की उपस्थिति में शव का मर्ग पंचनामा तैयार कर पीएम करवाकर परिजनों को सौंपा गया।

जानकारी के अनुसार हूलघाट के ग्रामीणों ने शव को देखकर दुर्गूकोंदल पुलिस को बुधवार 18 जून की सुबह लगभग साढ़े 10 बजे घटना के बारे में जानकारी दिया। पुलिस घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुँची। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि मृतिका की पहचान मितानिन प्रेरक 40 वर्षीय जयंती मंडल के रूप में हुई। नदी किनारे मृतिका का शव मिला है और उसके सिर में जख्म के जो निशान नजर आ रहे है, उससे लग रहा है कि मृतिका के सिर को पत्थर से कुचला गया है। मृतिका ग्राम पंचायत हामतवाही एवं चिखली के प्रशिक्षक के रूप में विकासखंड दुर्गूकोदल में 2004 से काम कर रही थी और मूलतः बांदे की निवासी थी। ग्रामीणों की मानें तो बांदे से ही आना जाना करती थी। ग्रामीणों के द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर पुलिस ने जाँच शुरू कर दिया है। दोनो गांव की मितानिनों से भी पुलिस जानकारी एकत्र करने में जुटी हुई है। मृतिका के परिजनों को जानकारी दिया गया था और उसका पति पीयूष मंडल देर शाम बांदे से पहुँचा है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतिका के पास एक्टिवा थी और उसी वाहन से आना जाना करती थी। घटनास्थल के पास उसका वाहन नहीं मिला है। पति के द्वारा शव की पहचान करवाए जाने के बाद ही शव को पीएम के लिए मरचुरी भेजा गया। पीएम के बाद शव ▶▶| शेष पेज 12 पर

### बैग में पर्स व आधार कार्ड मिला, मोबाइल गायब

प्रेरक के पति सुभाष मंडल ने बताया कि 17जून को मेरे पत्नि घर से 1 बजे बांदे से चिखली जाने निकली थी। शाम को घर लौटने की बात कही थी, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटी। फोन लगाने पर भी संपर्क नहीं हुआ। 18जून को दोपहर 3 बजे फोन पर पुलिस से सूचना मिली की मेरे पत्नि जयंती का ग्राम हुलघाट में शव मिला है। मैं परिवार के साथ हूलघाट पहुचा। मेरा पत्नि का पत्थर से सिर पर हमला करके बैरहमी से हत्या की गई है। बैग में पर्स और आधार कार्ड मिला है, परंतु मोबाईल नहीं मिला है। मेरी पत्नी हूलघाट कैसे पहुँची, इसकी जानकारी नहीं है।

### चिखली से हूलघाट कैसे पहुँची, जाँच का विषय

मृतिका का कार्यक्षेत्र चिखली था और कभी कभी चिखली में रूकती थी। चिखली से हूलघाट की दूरी लगभग 17 किमी. है। मृतिका हूलघाट कैसे पहुँची, यह अभी तक नहीं पता चल सका है। पति ने कहा कि हूलघाट कैसे पहुँची, इसकी जानकारी मुझे भी नहीं है, यह उसका कार्यक्षेत्र भी नहीं था। पति और परिजन बांदे रहते थे, वहीं बच्चे बाहर पढ़ाई करते है। मृतिका का शव हूलघाट के पास स्थित लिमदरहा नाला के पास मिला है।

### हत्या की आशंका, विवेचना जारी

हत्या के संबंध में थाना प्रभारी प्रहलाद यादव ने बताया कि हुलघाट ग्रामवासीयो के सूचना के आधार पर हुलघाट नदी के किनारे जयंती मंडल का शव मिला है। मृतिका के सिर में पत्थर से कुचला जैसे जख्म दिख रहा है। पीएम की प्राथमिक रिपोर्ट मिलने के उपरांत ही आगे की कार्यवाही की जाएगी। मर्ग कायम कर विवेचना मे लिया गया है।

## जमीन विवाद के चलते बुजुर्ग पर ग्रामीण ने किया चाकू से हमला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जमीन विवाद के चलते बुजुर्ग के साथ अन्य ग्रामीण ने जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। चाकू के हमला से ग्रामीण घायल हो गया, जिसे तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया। पीड़ित के बेटे ने थाना में शिकायत किया, जिस पर पुलिस ने प्रारंभिक जांच कर मामला पंजीबद्ध करते हुए विवेचना में लिया है। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे लेण्डारा निवासी 52 वर्षीय पवन शोरी पिता लम्बर सिंग शोरी ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। गांव में ही हमारा खेती बाड़ी है, जहां अलग से घर बना है। वहां पर मां चंदाबत्ती तथा पिता लम्बर सिंग शोरी रहते है और खेती बाड़ी देखते है। मेरे पिता के साथ 16 जून को रात साढ़े 8 बजे बड़े पिता सुकड़ूराम शोरी घर आए, तब देखा कि मेरे पिता के दाएं से खून निकल रहा था। मैंने पूछा कि चोट कैसे लगी है, तब बताए कि गांव के चमरा मरकाम के द्वारा जमीन विवाद को लेकर मेरे साथ मारपीट और गाली दिया गया। जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ थप्पड़ एवं अपने हाथ में रखे चाकू से हमला कर दिया। चाकू के हमला करने से हाथ, सीना व गाल में चोट आया है। पिता को घायल अवस्था में देखकर निजी वाहन की मदद से जिला अस्पताल ईलाज के लिए पहुंचाया। मेरे पिता के इलाज में व्यस्त होने के कारण शिकायत करने में देरी हुई और 18 जून को शिकायत दर्ज करा रहा हूं। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी चमरा मरकाम के खिलाफ धारा 296, 115 (2), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप

### शिविर में 88 हितग्राहियों का श्रमिक पंजीयन किया गया



**कांकेर।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जिले के हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष पहल किया जा रहा है। नियद नेल्लनार योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत केसेकोड़ी के आश्रित ग्राम सम्बलपुर में पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 88 हितग्राहियों का श्रमिक पंजीयन किया गया सभी हितग्राहियों को तत्काल श्रम कार्ड वितरण किया गया। शिविर में श्रम विभाग से श्रम निरीक्षक तोषण प्रसाद तिवारी, श्रम कल्याण अधिकारी जयप्रकाश चौहान सहित श्रम कल्याण निरीक्षक और संबंधित कर्मचारी उपस्थित थे।

### शपथ ग्रहण समारोह 22 को

**कांकेर।** तुलसी मानस प्रतिष्ठान के नव मनोनित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह एवं प्रतिष्ठान के वेबसाइट का शुभारंभ 22 जून को प्रातः 11 बजे से गुंडरदेही स्थित शारदा वाटिका में आयोजित किया जाएगा। समारोह के अतिथि वृंद पूज्य संत उमेशानंद गिरी, प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय संत सुरक्षा परिषद छत्तीसगढ़ मंडल महंत राजिम पूज्य संत वीरेंद्र महाराज एवं अन्य अतिथि शामिल रहेंगे।

### सड़क दुर्घटना में युवती की हुई मौत

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत पोटगांव निवासी 27 वर्षीय नीलम कस्तूरे का सड़क दुर्घटना में मौत हो गया। पोटगांव निवासी 36 वर्षीय परिक्षित कस्तूरे ने पुलिस को बताया कि 17 जून को ग्राम करमोती के मेन रोड में मृतिका सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना में आई चोट के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### महिला आयोग करेगा प्रकरणों की सुनवाई 23 जून को

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक द्वारा 23 जून को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई की जायेगी, जिसमें संभाग प्रभारी दीपिका शोरी एवं सह प्रभारी श्रीमती ओजस्वी मंडावी मौजूद रहेंगी। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सुनवाई के लिए सभी पक्षकारों को उपस्थित होने के लिए अनुरोध किया गया है।

### इलाज के दौरान हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत किनारी निवासी 24 वर्षीय कामिनी वैद्य का इलाज के दौरान सीएचसी भानुप्रतापपुर में 17 जून को सुबह साढ़े 7 बजे मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने पुलिस को बताया कि मृतिका का स्वास्थ्य खराब होने के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### करंट लगने से मौत मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 15 निवासी 47 वर्षीय अजीत राय का करंट लगने से मौत हो गया। सिविली अस्पताल पखांजुर के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक की मौत 16 जून को करंट लगने से हुआ। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### घायल का इलाज के दौरान हुई मौत

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत टेकाभाट निवासी 18 वर्षीय अशोक कुमार दर्रो का इलाज के दौरान 30 मई को सुबह 11 बजें जिला अस्पताल में मौत हो गया। अस्पताल के ▶▶| शेष पेज 02 पर

## राशन कार्डधारी हितग्राहियों को 30 तक ई-केवायसी कराना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- नहीं होने पर राशन मिलने में होगी दिक्कत



भारत सरकार उपभोक्ता, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के निर्देशानुसार राज्य में एक राष्ट्र एक राशनकार्ड योजनांतर्गत सभी हितग्राहियों को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जाना है। इसके लिए 30 जून तक केवायसी करवाना जरूरी है। केवायसी नहीं करवाने पर राशन मिलने में हितग्राहियों को दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है।

जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 200327 राशनकार्ड प्रचलित है, इन राशनकार्डों में 755613 सदस्य पंजीकृत है। पंजीकृत सदस्यों में से 646231 सदस्यों का ई केवायसी पूर्ण हो चुका है तथा 110382 सदस्यों का ई केवायसी शेष है। भारत सरकार द्वारा 05 वर्ष से कम उम्र के सदस्यों का ई केवायसी में छूट दिया गया है। उन्होंने बताया कि सभी उचित मूल्य दुकान में संचालित ई केवायसी मशीन में ई केवायसी की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा जारी मेरा ई-केवायसी एप के माध्यम से भी ई-केवायसी कर सकते हैं। इस एप के माध्यम से ई-केवायसी करने के लिए एंड्रायड मोबाइल में गुगल प्ले स्टोर से एप डाउनलोड कर हितग्राही राज्य, जिला का चयन कर अपना आधार नम्बर डालकर आधार ओटीपी के माध्यम फेस ई-केवायसी कर सकते हैं। राशनकार्डों में पंजीकृत सभी हितग्राही जिन्होंने अब तक ई-केवायसी नहीं कराया है, ऐसे हितग्राही ▶▶| शेष पेज 02 पर

## बच्चों को जहर पिलाकर मौत देने वाले पिता के खिलाफ जुर्म कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- परतापुर क्षेत्र का मामला



कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर पिलाया तीन बच्चों की मौत, गर्भवती पत्नी गंभीर

परतापुर थानांतर्गत पीव्ही 70 शांतिनगर में पेय पदार्थ में जहर मिलाकर युवक ने अपने पत्नी और तीन बच्चों को पिला दिया था। हादसे में तीन बच्चों की मौत हो गई थी। वहीं पति एवं पत्नी को गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पति एवं पत्नी की हालत स्थिर है। तीनों बच्चो की मौत होने पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना के दौरान इलाज के लिए भर्ती नमिता बैरागी ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि मेरे पति देवेन्द्र बैरागी मुझ पर दूसरे के साथ अवैध संबंध होने का शक करता है। जिसके कारण से हम दोनों के बीच हमेशा वाद विवाद होते रहता था। हम दोनों के बीच 12 जून को इसी विषय को लेकर वाद विवाद हुआ था। अगले दिन 13 जून को रात करीबन साढ़े 8 बजे मेरे पति द्वारा पेय पदार्थ लाया। मुझे और तीनों बच्चों को पिला दिया, कुछ देर बाद हम सभी को चक्कर आने लगा। तब मुझे लगा कि मेरे पति द्वारा अवैध संबंध होने के शक के गुस्से में पूरे परिवार को खत्म करने की नियत से पेय पदार्थ में जहर मिलाकर पिला दिया है। जांच के दौरान देवेन्द्र बैरागी से पूछताछ करने पर बताया कि पत्नि नमिता बैरागी का किसी व्यक्ति के साथ अवैध संबंध होने से लोक लाज व बदनामी के गुस्सा में आकर अपने पूरे परिवार को खत्म करने की नीयत से बाजार से पेय पदार्थ एवं कीटनाशक खरीदकर। मिलाकर ▶▶| शेष पेज 02 पर

## मत्स्य बीज उत्पादक व निर्यात में कांकेर जिला सबसे आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



राज्य में कांकेर जिला मत्स्यबीज उत्पादन के क्षेत्र में सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक जिला बन गया है। जिले के कोयलीबेड़ा विकासखंड के पखांजुर क्षेत्र में प्रवेश करते ही मत्स्य बीज का विक्रय और परिवहन करते हुए मत्स्य कृषक आसानी से नजर आते हैं। पहले जिले को मत्स्यबीज के लिए पश्चिम बंगाल और आंध्रप्रदेश पर निर्भर रहना पड़ता था। परंतु मछलीपालन विभाग की नील क्रांति तथा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत मत्स्यबीज हैचरी तथा तालाब निर्मित होने से पखांजुर क्षेत्र के कृषक जिले में ही सरप्लस मत्स्यबीज का उत्पादन कर रहे हैं और अब स्थिति यह है कि जिले का मत्स्यबीज अन्य जिलों के साथ-साथ आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, झारखण्ड, गुजरात, बिहार में भी निर्यात किया जा रहा है। पखांजुर क्षेत्र के मत्स्यबीज की अधिक मांग का कारण यह है कि यहां के मत्स्यबीज उच्च गुणवत्तायुक्त तथा अन्य राज्यों की तुलना में सस्ता है। साथ ही जिले में अप्रेल-मई के माह में ही बीज उपलब्ध हो रहा है। मछलीपालन विभाग के सहायक संचालक एसएस कंवर ने जानकारी देते हुए बताया कि कांकेर जिले में कुल 34 मत्स्यबीज उत्पादन हैचरी है, जिसमें वर्ष 2025-26 के लिए 33 हजार 700 लाख मत्स्यबीज स्पॉन तथा 12 हजार 835 लाख स्टेण्डर्ड फ्राय उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। जिले में वर्तमान स्थिति तक कुल 19200 लाख मत्स्य बीज स्पॉन तथा 742 लाख स्टेण्डर्ड फ्राय का उत्पादन किया जा चुका है।

जिले के हैचरियों में मत्स्यकृषकों द्वारा मेजर कार्प के साथ-साथ पंगेसियस का मत्स्यबीज उत्पादन किया जा रहा है। पखांजूर क्षेत्र के मत्स्य कृषक विश्वजीत अधिकारी तथा मृणाल बराई से चर्चा करने पर बताया गया कि क्षेत्र से प्रतिदिन 10 से 15 पिकअप मत्स्यबीज छत्तीसगढ़ के अन्य जिले तथा अन्य प्रदेशों में निर्यात किया जा रहा है, जिससे पखांजुर क्षेत्र के लगभग 550 स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हो रहा है। इस तरह कांकेर जिला मछली पालन के क्षेत्र में न सिर्फ आत्मनिर्भर बन चुका है, बल्कि गुणवत्तायुक्त मस्त्यबीज के लिए दूसरे राज्यों की पहली पसंद बन गया है।

## वाहन पलटने से आई चोट से एक की मौत, चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध




**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत टोन्डामरका एवं भैसगांव के बीच बोलेरो पिकअप वाहन के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए वाहन को दुर्घटनाग्रस्त कर दिया, जिससे एक व्यक्ति को गंभीर चोट आया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना में पाया गया कि 26 अप्रैल को बोलेरो पीकअप वाहन क्रमांक सीजी 05 डी 1789 ग्राम मोदे से शादी टिकावन कार्यक्रम में समान छोड़ने ग्राम तमुसनार आमाबेड़ा जा रहा था। मृतक प्रभु राम यादव शाम लगभग 4.30 बजे ग्राम टोन्डामरका एवं भैसगांव के बीच पहुंचा था। बोलेरो पीकअप क्रमांक सीजी 05 डी 1789 का चालक वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सायकल चालक को ठोकर मारते हुए वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे पीकप में बैठे प्रभुराम यादव को सिर, छाती, पेट एवं अन्य जगह चोट लगा। इलाज के लिए शासकीय वाहन 108 से जिला अस्पताल लेकर गए। इलाज के दौरान 26 अप्रैल को प्रभुराम यादव की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 05 डी 1789 के चालक द्वारा वाहन का तेजी व लापरवाही चलाने से वाहन अनियंत्रित होकर एक्सीडेंट करने से इलाज के दौरान मौत होने पर चालक के खिलाफ धारा 281,106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।



## मजदूरों को छह माह से नहीं मिली मजदूरी, चक्कर काटने मजदूर मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

वन विभाग ने मजदूरों से काम कराकर लगभग 06 माह से उनकी मजदूरी नहीं दे रहे है। मजदूरी के लिए सभी मजदूर वन विभाग के चक्कर लगा कर थक गए हैं और मजदूर अब कलेक्टर से मजदूरी दिलाने की गुहार लगाने के लिए मजबूर है। मजदूरों का कहना है कि उनका लगभग 15 दिनों का मजदूरी भुगतान बाकी है, जिसके कारण हालत ऐसी है कि वो कर्ज लेकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे है।

विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ओडाहुर साधुमिचगांव कोडोगांव के लगभग 50 से 60 से अधिक मजदूरों से लकड़ी की कटाई का कार्य करवाया गया है, लेकिन छह माह बाद भी मजदूरों को उनकी मजदूरी नहीं दी गई है। मजदूर लगातार अधिकारियों से मजदूरी भुगतान की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन अधिकारी बजट नहीं होने का हवाला देकर मजदूरों की मजदूरी देने के लिए टालते आ रहे है। वन विभाग के चक्कर लगाकर थक चुके मजदूर अब कलेक्टर से मजदूरी दिलाने की गुहार लगा रहे हैं। मजदूर कियामेधनाथ दुग्गा, बन्शीलाल दुग्गा, हिराराम मरकाम जोहन लाल दुग्गा, नरेन्द्र कुमार मरकाम, शिजगनाथ दुग्गा, चैनसिंह यादव, सुरेश कुमार दुग्गा, सुनिल हुएगा, पिकेश कुमार दुग्गा, सोनसिंह दुग्गा, विजय सलाम, सलेन्द्र कुमार, रामदास कोमरा, मोहनाथ गुग्गा, खिरतन यादव, राजमान दुग्गा, फुलसिहं दुग्गा, दिपक दुग्गा, बिरबाल कोमरा, धनसाथ सलाम, अविनाश दुग्गा, अशोक हेरसलाम, बुधराम सलाम, मंशा सलाम, रामदेर सलाम, दयाराम सलाम, रंजीत कोला, सुरित दुग्गा, रायसिंह कोला, लालजी दुग्गा, राजेश कुलदीप, राजू राम दुग्गा, जगदीश दुग्गा, विमश्रा उसेण्डी, राजकुमार केडाम, रैनसिंह धुवा आदि वन विभाग कार्यालय का चक्कर ▶▶| शेष पेज 02 पर

## भानुप्रतापपुर एवं अंतागढ़ के किसान लंबे समय से हैं परेशान

# किसानों ने लौह अयस्क वाहनों को रोकने का दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- बीएसपी एवं रेलवे प्रबंधन से कई बार हुई बैठक, किसानों की समस्याओं का नहीं हो रहा समाधान



भानुप्रतापपुर एवं अंतागढ़ के किसान अपनी माँगों को लेकर लंबे समय से परेशान है। प्रशासन के सामने रेलवे एवं बीएसपी प्रबंधन ने माँगों को पूरा करने की बात कहीं थी, परंतु आज तक पूरी नहीं होने पर किसान लगातार आंदोलनरत है। आंदोलनरत किसानों ने अब लौह अयस्क से भरे वाहनों को रोकने का अल्टीमेटम दिया है। जानकारी के अनुसार भानुप्रतापपुर एवं अंतागढ़ के किसानों ने भानुप्रतापपुर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि रावघाट रेल परियोजना के अंतर्गत भानुप्रतापपुर एवं अंतागढ़ के कृषकों की भूमि का अधिग्रहण किया गया है, लेकिन आज दिनांक तक अनेक प्रभावित कृषक परिवार के सदस्यों को मुआवजा एवं नौकरी प्राप्त नहीं हुई है। प्रभावित कृषकों द्वारा अनेक बार आवेदन किया गया है। जिला प्रशासन के माध्यम से अनेक बैठक आयोजित की गई है, किन्तु कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आ रहा है। रावघाट खदान के अंजरेल से भिलाई इस्पात संयंत्र के लिए ट्रकों द्वारा लगातार लौह अवरक का परिवहन जारी है। हमारी मांगों के पूर्ण होने तक हम अपने क्षेत्र का लौह अयस्क परिवहन नहीं करने देंगे तथा परिवहन कर रही वाहनों को 2 जून 2025 से हमारी मांगे पूर्ण होने तक भानुप्रतापपुर में रोकने का निर्णय लिया गया था। उसी के तहत 3 से 4 जून तक रावघाट से परिवहन कर रही वाहनों को हमारे द्वारा भानुप्रतापपुर रोका गया था। अनुविभागीय अधिकारी अंतागढ़ और एसडीओपी भानुप्रतापपुर और तहसीलदार भानुप्रतापपुर के समक्ष अनुविभागीय कार्यालय भानुप्रतापपुर के सभागृह में 4 जून को हुई बैठक में अधिकारियों द्वारा एक सप्ताह के भीतर रेलवे एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के उच्चाधिकारियों एवं प्रभावित कृषकों के मध्य बैठक आयोजित कर मामले का निराकरण किया जाने का आश्वासन दिया था। लेकिन आज पर्यन्त तक कोई बैठक आयोजित नहीं की गई है, जिसके कारण प्रभावित किसान आक्रोशित हो रहे हैं।

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

इसी के तहत किसानों के प्रतिनिधि मंडल ने 18 जून को एसडीएम भानुप्रतापपुर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उल्लेखित है कि हमारी मांगों को पूर्ण कराने के लिए प्रशासन, रेलवे एवं भिलाई इस्पात संयंत्र की उदासीनता के कारण प्रभावित किसान 23 जून से भानुप्रतापपुर में रावघाट से लौह अयस्क ले जाने वाले वाहनों की अनिश्चितकालीन रोक जाएगा।

**खबर संक्षेप**



## पूर्व सैनिकों की अनूठी पहल : फोर्स भर्ती के लिए निःशुल्क कोचिंग शुरू

**कोण्डागांव।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव द्वारा युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई है। परिषद के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा के निर्देशन में तथा जिलाध्यक्ष सुरज यादव के मार्गदर्शन में पूर्व सैनिक राकेश धीवर बीते तीन महीनों से नगर सेना एवं जिला बल की लिखित परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग चला रहे हैं। यह कोचिंग केवल अकादमिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें पूर्व सैनिकों द्वारा सैन्य अनुशासन, प्रेरणा, व आत्मविश्वास की भावना का भी संचार किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य कोंडागाँव जिले से ज्यादा से ज्यादा युवाओं का फोर्स में चयन सुनिश्चित करना है। परिषद ने उन सभी युवक–युवतियों से अपील की है जिन्होंने नगर सेना एवं जिला बल की फिजिकल परीक्षा पास कर ली है, वे इस निःशुल्क कोचिंग का लाभ उठाएं और अपनी लिखित परीक्षा की तैयारी मजबूत करें।

## आवास प्लस 2.0 सर्वे की समयसीमा अब 26 जून तक

**कोण्डागांव।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास प्लस 2.0 सर्वे की समय–सीमा अब 26 जून तक बढ़ा दी गई है। जिन पात्र परिवारों का अब तक सर्वे नहीं हो पाया है, वे इस नई तारीख तक सर्वे कराकर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। प्रशासन द्वारा आवास प्लस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से शेष बचे परिवारों की पहचान के लिए कार्य को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश जारी किए गए हैं। यह विस्तार उन ग्रामीण परिवारों के लिए सुनहरा अवसर है जो अभी तक इस योजना से वंचित रह गए हैं।

# खरीदी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से करें संचालित, किसानों की ना हो असुविधा

### जिले में योग दिवस की तैयारी, प्रधानमंत्री आवास और मक्का खरीदी पर विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने आज जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक समयसीमा बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को पात्र हितग्राहियों को समय पर पक्का आवास उपलब्ध कराने और निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने का निर्देश दिया। माँ दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी समिति मर्यादित द्वारा इथेनॉल उत्पादन के लिए की जा रही मक्का खरीदी की तैयारियों की भी समीक्षा हुई। कलेक्टर ने किसानों को असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए खरीदी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने को कहा। किसानों से प्रति एकड़ 10 क्विंटल मक्का खरीदी जाएगी, जिसके लिए टोकन वितरण की व्यवस्था की गई है। किसान टोकन कोंडागांव, दहीकोंगा, माकड़ी, अमरावती, फरसगांव, बड़ेडोगर, केशकाल, धनोरा, बड़ेराजपुर और सलना स्थित लैम्प्स से प्राप्त कर सकेंगे।

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को टोकन वितरण केंद्रों का निरीक्षण कर प्रक्रिया को सुचारू बनाने के निर्देश दिए। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, ट्राइबल विभाग द्वारा आयोजित शिविरों की समीक्षा करते हुए जनजातीय वर्ग को केंद्र और राज्य की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से दिलाने के निर्देश दिए गए। एक पेड़ माँ के नाम अभियान, सभी विभागों को इस अभियान के तहत पौधरोपण के लिए पौधों की संख्या की सूची वन विभाग को उपलब्ध कराने को कहा गया, ताकि समय पर पौधों की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।



#### नियमित रुप से हेल्थ सेंटरों का निरीक्षण करें

स्वास्थ्य सेवाएं, कलेक्टर ने अधिकारियों को नियमित रूप से हेल्थ सेंटरों का निरीक्षण करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि किसी भी गर्भवती महिला को स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न किया जाए और सुरक्षित प्रसव की सुविधा नजदीकी हेल्थ सेंटर पर ही मिले। लापरवाही पाए जाने पर सीएचओ और आरएचओ के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बाढ़ नियंत्रण और सड़क सुरक्षा, आगामी मानसून को देखते हुए जिले में बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। कलेक्टर ने सड़क और पुल–पुलियों की स्थिति का पूर्व आंकलन कर संभावित जलभराव वाले स्थानों को चिह्नित करने के निर्देश दिए। परिवहन विभाग को ओवरलोड वाहनों पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

### सामुदायिक भवन में पंचायती राज्य सशक्त और जागरुकता अभियान

# ग्रामसभा में लोग जो कहेंगे सरपंच उस पर अमल करेगा, उसे कोई नहीं काट सकता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोंडागांव/फरसगांव

जिले के फरसगांव नगर के सामुदायिक भवन में बुधवार को अखिल भारतीय पंचायत परिषद के तत्वधान में पंचायती राज्य सशक्त एवं जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष पंचायत परिषद दिल्ली बालमीकि प्रसाद, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष पंचायत परिषद दिल्ली नीतीश द्विवेदी और प्रदेश अध्यक्ष पंचायत परिषद छत्तीसगढ़ अभिषेक गुप्ता पहुंचे हुए थे। कार्यक्रम की शुरुआत करने से पहले सभी उपस्थित जनो ने अहमदाबाद मे हुईं एयर इंडिया विमान दुर्घटना मे जान गंवाने वाले सभी यात्रियों व अन्य मृत आत्माओं की शांति के लिये दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। जिसके बाद अतिथियों ने उपस्थित लोगों को पंचायत परिषद में पंचायती राज्य को सशक्त और जागरूक बनाने पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।



#### पहले का और अभी का बस्तर दूसरा है: बालमिकि प्रसाद

अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बालमिकि प्रसाद ने कहा बस्तर में 30 साल पहले आया था। अभी दूसरी बार बस्तर आया हूं, लेकिन आज दूसरा बस्तर नजर आ रहा है। 1996 में सरकार से लड़के मैंने आदिवासी क्षेत्र में जो पंचायत का जो पास्ता सुदूर पंचायत घोषित कराया। उसी पंचायत में असीम अधिकार है ग्राम सभा को। उस ग्रामसभा में किसी भी अधिकारी कर्मचारी को बोलने का अधिकार नहीं है। ग्राम सभा के लोग जो कह देंगे ग्राम पंचायत का सरपंच उस पर अमल करेगा, उसे कोई नहीं काट सकता है। यह अधिकार संविधान ने दिया है। उस अधिकार सरकार सही ढंग से लागू कर दे तो बस्तर का क्षेत्र एक अग्रणी भूमिका में आगे आएगा देश के विकास के लिए।

#### ये रहे उपस्थित

इस दौरान पूर्व कलेक्टर संरक्षक अशोक अग्रवाल, युवा प्रदेश सचिव पंचायत परिषद छत्तीसगढ़ के कामेश्वर साहू, कोंडागांव जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिन्हा, सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष झाड़ी राम सलाम, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सुकलाल मरकाम सहित क्षेत्र के सरपंच व ग्रामीण जैन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

#### परिषद का उद्देश्य ग्राम पंचायत का बेहतर विकास हो: अभिषेक

अखिल भारतीय पंचायत परिषद युवा प्रकोष्ठ के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता ने कहा, आज अखिल भारतीय पंचायत परिषद के जिला कोंडागांव के फरसगांव में जनपद स्तरीय सम्मेलन था। पंचायती राज्य मजबूत करने को लेकर हम लोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। सशक्त और आत्मनिर्भर पंचायत बनाने की और हम लोग पंचायतों को विकसित करने के लिए हम लोग राज्य शासन और केंद्र शासन से बीच-बीच में पंचायत के हित में बेहतर क्या हो सकता है। उसके लिए हम लोग अखिल भारतीय पंचायत परिषद के माध्यम से मांग करते हैं जिससे की पंचायत का विकास बेहतर हो सके।

#### ग्राम सभा को मजबूत करने का काम करता है परिषद: नितीश द्विवेदी

अखिल भारतीय पंचायत परिषद युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीश द्विवेदी ने कहा हमारे देश में तीन सरकार बनाया गया है, ग्राम सभा, विधानसभा और लोकसभा। लेकिन हमारा अखिल भारतीय पंचायत परिषद ग्राम सभा को मजबूत करने का काम करता आ रहा है। प्रदेश में सबसे ज्यादा सरपंच की संख्या ज्यादा है जिसमें करीब 11000 हजार से अधिक सरपंच हैं, वहीं विधानसभा में 90 विधायक है और 11 सांसद है। सरपंचो कि संख्या ज्यादा है वहीं राजा होना चाहिए ऐसा मेरा मानना है।



## एनएच 30 में खड़े ट्रक से टकराया माजदा, एक युवक की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरसगांव

नेशनल हाईवे 30 सड़क हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। हर दिन कोई न कोई दर्दनाक सड़क हादसे हो रहा है। प्रशासन जागरुकता के बाद भी सड़क हादसों में कमी लाने में नाकाम साबित हो रही है। हादसे को कई लोगों की जान जा रही है तो अनेकों लोग गंभीर रूप से घायल हो रहे है। मंगलवार की सुबह करीब 4:30 बजे नेशनल हाईवे 30 बोरगांव के पास फिर एक सड़क हादसा हो गया। हादसे में रोड में एक खड़ी ट्रक क्रमांक सीजी 21 एफ 9863 के पीछे रायपुर की ओर जा रहे माजदा वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूं सी 4751 टकरा गई। हादसे में माजदा वाहन का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। माजदा में बैठे नीरज विश्वकर्मा उम्र 21 वर्ष निवासी लालपुर रायपुर और मनीष ध्रुव उम्र 23 वर्ष निवासी माना टेमरी घायल हो गए।

फरसगांव थाना पुलिस ने दोनों घायलों को फरसगांव अस्पताल पहुंचाया, जिसके बाद दोनों को बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। जहां जिला अस्पताल में उपचार के दौरान नीरज विश्वकर्मा की मौत हो गई। माजदा वाहन में चेन्नई से आम भरकर रायपुर ले जा रहे थे और हादसा हो गया।

## इथेनॉल निर्माण के लिए मक्का खरीदी के दिशा-निर्देश जारी

**कोण्डागांव।** माँ दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी समिति मर्यादित, कोण्डागांव ने इथेनॉल निर्माण के लिए मक्का खरीदी प्रक्रिया हेतु दिशा–निर्देश जारी किए हैं। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों से प्राप्त आवंटन के आधार पर समिति को 25,000 क्विंटल मक्का की आवश्यकता है, जिसकी खरीदी संस्था के अंशधारी किसान सदस्यों से की जाएगी। मक्का की खरीदी भारत सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 के लिए घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2225 प्रति क्विंटल पर की जाएगी। इसके अतिरिक्त किसानों को प्रोत्साहन राशि के रूप में विकासखण्ड अनुसार अतिरिक्त भुगतान भी किया जाएगा। कोण्डागांव एवं माकड़ी के लिए 40 रुपए प्रति क्विंटल, फरसगांव के लिए 50 रुपए प्रति क्विंटल तथा केशकाल एवं बड़ेराजपुर के किसानों को 60 प्रति क्विंटल अतिरिक्त दिया जाएगा। सभी अंशधारी किसानों को समान अवसर मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए प्रति एकड़ अधिकतम 10 क्विंटल मक्का ही खरीदी जाएगी।

#### टोकन वितरण और आवश्यक दस्तावेज

मक्का विक्रय के लिए टोकन वितरण 19 जून से सोमवार से शुक्रवार तक प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। जिले के पाँचों विकासखंडों में चिन्हित 2–2 आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों से टोकन वितरित किए जाएंगे। ये केंद्र कोण्डागांव, दहीकोंगा, माकड़ी, अमरावती, फरसगांव, बड़ेडोगर, केशकाल, धनोरा, बड़ेराजपुर, सलना स्थित लैंप्स हैं। टोकन प्राप्त करते समय किसानों को ऋण पुस्तिका, शेयर सर्टिफिकेट या शेयर क्रय की रसीद, आधार कार्ड और बैंक पासबुक की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। टोकन में किसान को मक्का विक्रय की तिथि एवं मात्र की स्पष्ट जानकारी दी जाएगी। मक्का की खरीदी केवल निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुसार ही की जाएगी। जिसमें न्यूनतम स्टार्च मात्र 58 प्रतिशत, अधिकतम नमी 14 प्रतिशत, काला मक्का 1.3 प्रतिशत तक बिना कटौती, अन्य अशुद्धियाँ 0.5 प्रतिशत तक,और टूटा हुआ मक्का 1 प्रतिशत तक अनुमत है। अप्रिय गंध, फफूंद या कीट युक्त मक्का स्वीकार्य नहीं होगा। गुणवत्ता मानकों से भिन्न होने पर कटौती कर भुगतान किया जाएगा।

मयूर डोंगर हायर सेकेंडरी स्कूल में संकुल स्तरीय बैठक

## ऑनलाइन शिक्षा व्यवस्था में इंटरनेट नेटवर्क की समस्या बनी बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

शहर के मयूर डोंगर हायर सेकेंडरी स्कूल के सभा कक्ष में नए शैक्षणिक सत्र 2025–26 की पहली संकुल स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न स्कूलों से आए शिक्षकों और संकुल प्रभारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था को प्रभावी रूप से संचालित करना और वर्तमान समय में सामने आ रही समस्याओं पर विचार करना रहा। बैठक की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य मुकेश सेमसन एवं संकुल समन्वयक दुर्गा शंकर दीवान ने की।बैठक में सबसे प्रमुख रूप से मोबाइल नेटवर्क की समस्या को लेकर चिंता व्यक्त की गई।

वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में शैक्षणिक कार्योंं में अधिकांश प्रक्रियाएँ ऑनलाइन हो चुकी हैं। विशेष रूप से पुस्तक वितरण प्रणाली को अब बारकोड स्कैनिंग से जोड़ा गया है, जिससे छात्रों को डिजिटल माध्यम से ट्रैक करके पुस्तकें वितरित की जाती हैं। प्रतिभागियों ने बताया कि मोबाइल नेटवर्क की अनुपलब्धता के कारण ऑफिस के ऑनलाइन कार्य, दस्तावेजों का अपलोड, छात्र डेटा एंट्री जैसे कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इससे शिक्षकों को बार–बार समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यह तकनीकी समस्या विद्यार्थियों की शिक्षा को भी प्रभावित कर रही है।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस समस्या के समाधान के लिए संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिखेंगे। तथा नेटवर्क सुधार की दिशा में शीघ्र कार्यवाही की माँग की जाएगी। संकुल स्तरीय यह बैठक न केवल शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के लिए दिशानिर्देशक सिद्ध हुई, बल्कि इससे स्कूलों की वर्तमान तकनीकी जरूरतों को उजागर करने का भी अवसर मिला। शिक्षकों ने एक स्वर में इस बात पर बल दिया कि जब तक आधारभूत सुविधाएँ नहीं होंगी, तब तक डिजिटल शिक्षा का लाभ विद्यार्थियों तक पूरी तरह नहीं पहुँच पाएगा।



#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता जमील अहमद खान, यशवंत देवांगन, हेडमास्टर आनंद साहू, तिलक मौर्य, श्रीमती जगमती सोरी सहित कई अन्य शिक्षकों व संकुल समन्वयकों ने भाग लिया। अन्य प्रमुख शिक्षकों में इंद्रकुमार नाग, सुकालू मंडावी गोलावंड, राजूराम मरकाम, ललित साहू, संजीव तालुकदार, खेमेश्वर पटेल, श्रीमती रीता प्रधान, कु. दुलेश्वरी दर्रो, श्रीमती सुषमा पात्र एवं श्रीमती सारिका कश्यप आदि उपस्थित रहे।

## युक्तियुक्तकरण के खिलाफ कांग्रेस की शिक्षा न्याय यात्रा

- बजरंगबली का आशीर्वाद लेकर कांग्रेसियों ने किया जोरदार प्रदर्शन
- शिक्षा व्यवस्था में बदलाव का विरोध
- प्रदर्शन के दौरान झड़प, एक कांस्टेबल को आया मिर्गी का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

जिला कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को शिक्षा के युक्तियुक्तकरण के खिलाफ ज़ोरदार विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस भवन से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व पालक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के घेराव के लिए निकले। रैली की शुरुआत बजरंगबली जी का आशीर्वाद लेकर की गई। रैली जैसे ही उमरकोट नाका पहुंची, पुलिस ने बेरिकेड्स लगाकर उन्हें रोक दिया। इससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। कार्यकर्ताओं ने युक्तियुक्तकरण बंद करो, नए शिक्षकों की भर्ती करो, बेरोजगारों के साथ न्याय करो जैसे नारों के साथ विरोध जारी रखा। लगभग 3–4 किलोमीटर पैदल मार्च करते हुए जैसे ही रैली रायपुर नाका के पास कलेक्टर कार्यालय की ओर बढ़ी, प्रशासन ने कार्यालय तक पहुंचने के लिए पुख्ता इंतजाम कर रखे थे। बावजूद इसके कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दमदारी से प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हल्की चोटें आईं। वहीं एक पुलिस कांस्टेबल को मिर्गी का दौरा पड़ा, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। कांग्रेस नेताओं ने अस्पताल जाकर उसका हालचाल जाना।

कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट कहा कि सरकार की नई शिक्षा नीति शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करेगी। 2008 की नीति के अनुसार जहां 21 शिक्षक थे, अब 11 कर दिया गया है। इससे न सिर्फ पढ़ाई प्रभावित होगी बल्कि रसोइया व स्वीपर जैसे हजारों सहायक कर्मचारी बेरोजगार होंगे।




#### मोदी की गारंटी सिर्फ दिखावा : मरकाम

पूर्व मंत्री मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने से पहले 57 हजार शिक्षकों की भर्ती का वादा किया था, लेकिन अब वह वादा भी खोखला साबित हो रहा है। उल्टे स्कूल बंद किए जा रहे हैं और बेरोजगारी बढ़ रही है। पूर्व विधायक संतराम नेताम ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि एक ओर स्कूलों को बंद किया जा रहा है और दूसरी ओर शराब दुकानों की संख्या बढ़ाई जा रही है। यह सरकार की प्राथमिकताओं का असली चेहरा है। कांग्रेस ने स्पष्ट कहा कि यदि युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया वापस नहीं ली गई तो पार्टी सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी। यह आंदोलन अब पूरे प्रदेश में फैलाया जाएगा।

## बीजापुर जैसे माओवाद प्रभावित क्षेत्र में हुए कार्य सराहनीय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

जिले में प्रथम बार राज्यपाल का आगमन हुआ। रमेन डेका पहले राज्यपाल हैं जो बीजापुर जिले के प्रवास पर आए विकास कार्यों का अवलोकन सहित जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

जिला कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में बीजापुर के दूरस्थ क्षेत्रों में शासन की योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित कराने में होने वाली कठिनाईयों, स्थापित सुरक्षा कैम्प माओवाद प्रभावित क्षेत्र एवं पहुंचविहीन क्षेत्रो के बारे में कलेक्टर संबित मिश्रा ने पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतिकरण देते हुए अवगत कराया। वहीं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने माओवादी घटनाओं, आत्मसमर्पित नक्सली एवं उनके पुनर्वास की जानकारी दी। विभागवार समीक्षा करते हुए राज्यपाल रमेन डेका ने बीजापुर में व्याप्त कठिनाइयों के बावजूद जिला प्रशासन द्वारा जनहित के कार्यो तथा केद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के समुचित क्रियान्वयन पर जिला प्रशासन की सराहना की। बिहान समूह के महिलाओं के आजिविका गतिविधियों को सुनकर खुशी जाहिर की आजिविका से जुड़ी महिलाओं ने शासन के योजनाओं से जुड़कर अपनी आर्थिक गतिविधियों के बारे में अवगत कराया।

बीजापुर जैसे माओवाद प्रभावित क्षेत्र में शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास के साथ-साथ लोगो को समुचित रूप से योजनाओं से लाभान्वित कर उनके जीवन स्तर में व्यापक सुधार लाने पर जोर दिया। गारमेंट फैक्ट्री में नक्सल पीड़ित परिवारों को रोजगार देने की योजना की सराहना करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित करें।



#### शाला त्यागी बच्चों को स्कूल से जोड़ने की पहल कारगर

जिला प्रशासन द्वारा शाला त्यागी बच्चों को स्कूल से जोड़ने की पहल को कारगर बताते हुए कहा कि शिक्षा का महत्व हर पालक समझे इसके लिए जमीनी स्तर पर कार्य करना आवश्यक है ताकि हर बच्चे शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ सके। जिले में विकास कार्यों में आने वाली बाधाओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए शासन के योजनाओं के समुचित क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आकांक्षी जिला के रूप में बीजापुर जिले की उपलब्धि एवं विभिन्न पैरामीटर में किए गए कार्यो की समीक्षा करते हुऐ कहा कि जिले के समग्र विकास के लिए अपना शतप्रतिशत दें।

### पेज 3 के शेष

#### मितानिन प्रेरक की...

को परिजनों को सौंपा गया। पुलिस ने शव का डाग स्कवाड के माध्यम से सबूत एकत्र करने का प्रयास किया, वहीं फारेंसिक विभाग ने जाँच के लिए सबूत को एकत्र किया है।

#### राशन कार्डधारी...

किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए 30 जून तक अपना ई-केवायसी अनिवार्य रूप से करवाना जरूरी है। ई केवायसी नहीं होने पर राशन मिलने में दिक्कतों का सामान करना पड़ सकता है।

#### बच्चों को जहर...

अपने बच्चे दीप्ती बैरागी, जुतिका बैरागी, देवराज बैरागी, पत्नि नमिता बैरागी को पिला दिया एवं स्वयं पी लिया। विवेचना में मिले तथ्य के आधार पर पुलिस ने आरोपी देवेंद्र बैरागी के खिलाफ धारा 103 (1), 109 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

#### घायल का इलाज...

वार्ड बॉय ने पुलिस को बताया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। गंभीर चोट आने की वजह से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

#### मजदूरों को छह...

काटने को मजबूर हैं। इस संबंध में पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल अधिकारी दुलेशवर साहू ने बताया कि अभी वाउचर बन गया है व एक सप्ताह तक भुगतान हो जाएगा। ई कुबेर के कारण उनका भुगतान फंस गया था, लेकिन अब पेमेंट हो जाएगा।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)

TEAM CREATIVE
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण (शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
रायपुर रोड, ग्राम - लिमतरा, धमतरी
जिला - धमतरी (छ.ग.)
9300696600, 9300407100

## खबर संक्षेप

### छठवीं कक्षा में प्रवेश के लिए 29 जुलाई तक मिलेगा मौका

**कांकेर।** शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन संचालित पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कांकेर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए जेएनवी चयन परीक्षा के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों को 29 जुलाई तक आवेदन करने का मौका है। विद्यालय में राष्ट्रीय स्तर की खेलकूद, विज्ञान, आईटी, योग, संगीत, कला, पर्यावरण, पुस्तकालय और नेतृत्व विकास जैसी गतिविधियों को विशेष महत्व दिया जाता है, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।

### युक्तीयुक्तकरण के खिलाफ कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**पखांजुर।** शिक्षा विभाग द्वारा किए गए युक्तीयुक्तकरण के विरोध में 18 जून बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पखांजुर ने नगर में रैली निकाली। इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शनकारी कांग्रेस कार्यकर्ता करीब आधे घंटे तक कार्यालय के मुख्य गेट पर धरने पर बैठे रहे। प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। कुछ देर बाद पुलिस ने हस्तक्षेप कर प्रदर्शनकारियों को जबरन हटाया और धरना समाप्त कराया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा माध्यमिक स्कूलों में लागू किए गए नए सेटअप और युक्तीकरण के तहत स्कूलों को बंद करने का विरोध कर रहे थे। इस अवसर पर रूप सिंह पोटाई ने सरकार के इस कदम की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने पुराने सेटअप को खत्म कर नया सेटअप लागू किया है, जिससे शिक्षकों की संख्या में कमी आई है। इससे स्कूलों में शिक्षा का स्तर गिरेगा। कोयलीबेड़ा विकासखंड में ही 6 प्राथमिक शालाएं बंद कर दी गई हैं। कांग्रेस नेताओं ने सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक ओर सरकार नई शराब दुकानें खोल रही है, वहीं दूसरी ओर स्कूल बंद कर रही है। इससे स्पष्ट होता है कि सरकार की प्राथमिकता शिक्षा नहीं, बल्कि शराब है। प्रदर्शन में सुप्रकाश मल्लिक, अमर मंडल, निहार सरकार, सपन विश्वास, हर्षित मृर्धा, गोपाल मजूमदार, विकास मंडल, अमूल्य मांझी, गोपाल कुंडू, संजीत गाईन, दिलीप विश्वास, विकम मल्लिक, रमेन सरकार, मणिशंकर मंडल, सुमित टिकेदार, मनोज मंडल, संजय खसवा, आशीष देवांगन, किशोर सिकदार, रामसिंह दुग्गा सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### तैयारी : मतदान केंद्रों एवं पुनरीक्षण कार्य पर भी की गई चर्चा

# सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और विस स्तरीय मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भानुप्रतापपुर

■ माह के अंत तक सभी तहसीलों में बीएलओ करें नियुक्त

विधानसभा क्षेत्र 80 के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की अध्यक्षता में अविअ कार्यालय में विधानसभा के सभी सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं ईआरओ गंगाधर वाहिले ने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार इस माह के अंत तक सभी तहसीलों में बीएलओ नियुक्त किया जाए। जिन बीएलओ का वर्तमान में स्थानांतरण हो गया है, उनके स्थान पर नए बीएलओ की नियुक्ति सभी एईआरओ तत्काल करें। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स टिकेश्वर सिंह ठाकुर ने सभी मास्टर ट्रेनरों को आयोग के निर्देशानुसार पुनरीक्षण कार्य में बीएलओ एवं सुपरवायजरों की भूमिका को विस्तार से बताया। मास्टर ट्रेनरों से कहा कि आप लोग जब तहसील में बीएलओ को प्रशिक्षण देवे तो उन्हें मोबाइल एप से समय अवधि में कार्य को पूर्ण करने को कहे। वर्तमान में चार अर्हता तिथि 1 जनवरी, 1 अप्रैल,1 जुलाई और 1 अक्टूबर निर्धारित की गई है। बीएलओ पुनरीक्षण के पूर्व अपने मतदान केंद्रों का अवलोकन कर लें और मतदान केंद्रों की वर्तमान स्थिति को देखें। वर्तमान में शालाओं के युक्तियुक्तकरण के बाद कई स्कूलों को समीप के संस्था में मर्ज किया गया है। यदि वह पूर्व में मतदान केंद्र रहा हो तो उसका भवन परिवर्तन का प्रस्ताव जमा करें। इसी प्रकार पुनरीक्षण के दौरान प्राप्त आवेदनों का समय में निराकरण कर आगे प्रोसेस करे। किसी भी स्थिति में बीएलओ की आईडी में 7 दिवस से ज्यादा पेंडिंग कोई फार्म न रहे इसका ध्यान रखे। साथ ही साथ आगामी माह मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण किया जाना है, इसका पूर्व से अभ्यास कर लें। बढ़ती हुई जनसंख्या के अनुसार मतदाताओं की संख्या का ख्याल रखते हुए अनुभागों का नए सीरे से सीमांकन, मतदान केंद्र भवन परिवर्तन का प्रस्ताव, मतदान केंद्र स्थल परिवर्तन का प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप में बीएलओ और सुपरवायजरों को देना होगा। जो मतदान केंद्र नए बनाए उसमें न्यूनतम आवश्यक मूलभूत सुविधा जैसे बिजली, पानी रैम्प अनिवार्य रूप से रहे। आगामी माह 2 जुलाई को सभी तहसील में बीएलओ और सुपरवायजरों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाना है। इसके लिए सभी तहसीलदार स्थान का चयन करें।



बैठक में विधानसभा के तीनों तहसील के तहसीलदार एवं एईआरओ सुरेंद्र उर्वशा, केतन भोयर, सतयेंद्र शुक्ला, निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर एवं तीनों विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स नुमेश सोनी, मनीष गौतम, केजुराम सिन्हा व अन्य मौजूद रहे।

# पेंशनधारी कल्याण संघ की हुई बैठक, अहम मुद्दों पर चर्चा कर नई कार्यकारिणी का किया गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶। भानुप्रतापपुर

छग पेंशनधारी कल्याण संघ का जिला स्तरीय बैठक में जिला के पदाधिकारी एवं तहसील अध्यक्ष शामिल हुए।

बैठक में तहसील बैठक, केशबूक संधारण, सदस्यों से संपर्क, नए सदस्यों को संघ में शामिल करना, आय व्यय की जानकारी, जिला कार्यालय भूमि व भवन के लिए संपर्क करना, जिले के सभी बैंको में पेंशनर्स के लिए काउंटर खुलवाना, जिला चिकित्सालय में पेंशनर्स कोष की जानकारी और जिला स्तर पर पेंशनर्स स्वास्थ्य शिविर का आयोजन इत्यादि विषयों पर विचार विमर्श कर प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में संगठन से जुड़े नए सदस्य टीआर मेश्राम, गिरवर सिंह मरकाम, कैलाश मंडावी और सगनबती कुंजाम का श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

बैठक में जिला शाखा का पुनर्गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष दिलदार सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष विद्यासागर ध्रुव, द्वारका प्रसाद, रतन राम यादव, सचिव गणेश यदु, उप सचिव कन्हैया लाल जैन, कोषाध्यक्ष बसंत कुमार शर्मा, उप कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश शिवहरे, संगठन मंत्री मनराखन मरकाम, ललिता साहू, प्रचार मंत्री रजनी यादव, प्रफुल्ल देहारी, कौशल्या देवदास को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। जिला कार्यकारिणी सदस्य में तहसील अध्यक्ष प्रहलाद नायक, कन्हैया सिंह ठाकुर, लोकेश साहू, बृजलाल गंगेश, श्रीराम शोरी, देवेन्द्र सिंह ठाकुर, सुभाष मंडल और राम रतन शांडिल्य को मनोनीत किया गया। इसी क्रम में कन्हैया लाल उईके को कार्यकारी जिलाध्यक्ष के रूप में चयन किया गया। इस दौरान गुजरात में हुए विमान दुर्घटना में हताहत मृत यात्रियों के प्रति संवेदना व्यक्त कर मौन श्रद्धांजलि दी गई।

# आमापारा सिवनी में बच्चों को तिलक लगाकर मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत आमापारा सिवनी में शिक्षा सत्र की शुरुआत पर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के अतिथि ग्राम गायता पवन कुमार मंडावी एवं वार्ड पंच धन्नो बाई मंडावी के द्वारा बच्चों को तिलक लगाकर एवं यूनिफॉर्म प्रदान कर शाला प्रवेश कराया तथा अतिथियों के द्वारा बच्चों को लगन से पढ़ाई खेलकूद और सभी गतिविधियों में शामिल होने प्रेरित किया।

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा शासन से मिल रही योजनाओं को बच्चों को अवगत कराया एवं बच्चों की शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए बच्चों एवं शिक्षकों को बधाई दी। संस्था के प्रधान अध्यापक राम सुरोजिया ने शाला प्रवेश उत्सव के दौरान छात्रों पालकों को शासन के विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए छात्राओं को पाठय पुस्तक स्कूल ड्रेस मध्यान भोजन शासन के द्वारा निःशुल्क प्रदान की जाती है। उन्होंने बच्चों से कहां की शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए पढ़ाई पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान देने इसके अलावा पालकों से भी अपील की गई कि अपने बच्चों के प्रति शिक्षा के स्तर पर विशेष रूप से ध्यान देने की बात कही। इस अवसर पर सहायक शिक्षक सविता सलामे, रेखलाल विश्वकर्मा, रामकुमार उयका, विजय मतलामी, संतलाल उसेण्डी, सनऊ राम मंडावी, राजकुमार विश्वकर्मा, नंदलाल उसेण्डी, दयाराम उयका, दशाय मतलामी, मुंगारो बाई मंडावी, इतवारी बाई विश्वकर्मा, रेवती मतलामी, लक्ष्मी मंडावी उपस्थित रहे।



# युक्तीयुक्तकरण के खिलाफ कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज. पखांजुर। शिक्षा विभाग द्वारा किए गए युक्तीयुक्तकरण के विरोध में 18 जून बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पखांजुर ने नगर में रैली निकाली और खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शनकारी कांग्रेस कार्यकर्ता करीब आधे घंटे तक कार्यालय के मुख्य गेट पर धरने पर बैठे रहे और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। कुछ देर बाद पुलिस ने हस्तक्षेप कर प्रदर्शनकारियों को जबरन हटाया और धरना समाप्त करवाया। कोयलीबेड़ा विकासखंड में ही 6 प्राथमिक शालाएं बंद कर दी गई हैं। कांग्रेस नेताओं ने सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक ओर सरकार नई शराब दुकानें खोल रही है, वहीं दूसरी ओर स्कूल बंद कर रही है। इससे स्पष्ट होता है कि सरकार की प्राथमिकता शिक्षा नहीं, बल्कि शराब है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा माध्यमिक स्कूलों में लागू किए गए नए सेटअप और युक्तीकरण के तहत स्कूलों को बंद करने का विरोध कर रहे थे। रूपसिंह पोटाई ने सरकार के इस कदम की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने पुराने सेटअप को खत्म कर नया सेटअप लागू किया है, जिससे शिक्षकों की संख्या में कमी आई है। इससे स्कूलों में शिक्षा का स्तर गिरेगा। प्रदर्शन में सुप्रकाश मल्लिक, अमर मंडल, निहार सरकार, सपन विश्वास, हर्षित मृर्धा, गोपाल मजूमदार, विकास मंडल, अमूल्य मांझी, गोपाल कुंडू, संजीत गाईन, दिलीप विश्वास, विकम मल्लिक, रमेन सरकार, मणिशंकर मंडल, सुमित टिकेदार, मनोज मंडल, संजय खसवा, आशीष देवांगन, किशोर सिकदार, रामसिंह दुग्गा सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्कूली विद्यार्थियों को पत्रकारिता और जनसंचार पाठ्यक्रम की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भानुप्रतापपुर



शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा मंगलवार को शाउमा विद्यालय हाटकोंदल में मार्गदर्शन शिविर लगाकर स्कूली शिक्षा पूरी कर रहे छात्र-छात्राओं को बीए पत्रकारिता एवं जनसंचार पाठ्यक्रम की जानकारी दिया गया। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के सहायक प्राध्यापक श्रीदाम ढाली ने विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बीए पत्रकारिता एवं जनसंचार पाठ्यक्रम तीन-चार वर्षीय स्नातक डिग्री कोर्स है। इस कोर्स में किसी भी विषय में 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी प्रवेश ले सकते है। उम्र की कोई बंधन नही है। इस कोर्स में छात्रों को समाचार लेखन, रिपोर्टिंग, फोटोग्राफी, टीवी और रेडियो पत्रकारिता, विज्ञापन, जनसंपर्क एवं डिजिटल मीडिया के गुर सिखाए जाते हैं। यह कोर्स उन्हें मीडिया की दुनिया से जुड़ने और जनमत निर्माण में भूमिका निभाने का अवसर देता है। यह एक मल्टी नॉलेज कोर्स है। इस कोर्स में विभिन्न विषय पढ़ने का अवसर मिलता है। जैसे- हिंदी, इंग्लिश, समाजशास्त्र, लोकप्रशासन, योगा, भारतीय संविधान, कंप्यूटर, मूल्यशिक्षा, मार्केटिंग, भारतीय परम्परा और जनजाति, अर्थशास्त्र, राजनीति, जनसंचार, जनसंपर्क, विज्ञापन, लेखन, फ़िल्म, शोध जैसे तमाम विषय पढ़ने को मिलेगा। यह पाठ्यक्रम सेमेस्टर प्रणाली से संचालित है और इस कोर्स को करने के बाद स्नातक की डिग्री मिलेगी एवं अलग से स्नातक की पढ़ाई करने की जरूरत नही होगी। इसके बाद किसी भी विषय मे एमए, एमएसडब्लू, एलएलबी आदि कोर्स भी कर सकते है और साथ ही साथ किसी भी प्रतियोगी परीक्षा जैसे पीएससी, यूपीएससी, रेलवे, एसएससी, व्यापम आदि की भी परीक्षा दिला कर अच्छे पदो पर जा सकते है। स्कॉलरशिप की जानकारी देते हुए बताया कि एसटी, एससी, ओबीसी एवं बीपीएल राशन कार्डधारी पात्र विद्यार्थियों को शासन के नियमानुसार शासन से छात्रवृत्ति भी मिलता है। इसके अलावा बस्तर संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी वर्ग के बालिकाओं एवं एसटी, एससी बालक वर्ग के विद्यार्थियों को एनएमडीसी से भी स्कॉलरशिप मिलता है। पाठ्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण, परियोजना कार्य और प्रायोगिक कार्य के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव भी कराया जाता है, जिससे उन्हें मीडिया जगत में प्रवेश आसान हो सके। इस कोर्स को करने के बाद मीडिया, विज्ञापन, डिजिटल मार्केटिंग, जनसंपर्क, फिल्म निर्माण जैसे विविध क्षेत्रों में कैरियर की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय के वेबसाइट का अवलोकन कर पहले ऑनलाइन आवेदन करना होगा। फिर महाविद्यालय द्वारा जारी मेरिट लिस्ट के माध्यम से इस पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते है। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य टीएल जैन, वरिष्ठ व्याख्याता उमेश शर्मा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# रक्तदान शिविर में कर्मचारियों व मजदूरों ने किया रक्तदान



**दुर्गूकोंदल।** मिवान स्टील्स लिमिटेड के हाहालददी लौह अयस्क खदान में विश्व रक्तदान दिवस के मौके पर रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 9 बजें से शाम 5 बजे तक किया गया। कंपनी के कर्मचारियों तथा मजदूरों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस शिविर में 57 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र के साथ-साथ उनकी हौसला अफजाई के लिए गिफ्ट के रूप में बैग दिया गया।

### दस्तावेज सत्यापन उपरांत नियुक्ति आदेश किए जारी

**कांकेर।** जिले में संचालित 14 सेजेस विद्यालय अंतागढ़, आमाबेड़ा, भानुप्रतापपुर, कोरर, चारामा, हल्बा, दुर्गूकोंदल, कोड़ेकुर्से, हरनगढ़, बान्दे, कोयलीबेड़ा, नरहरपुर, सरोना और नरहरदेव कांकेर में शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय संविदा कर्मचारियों के रिक्त पदों की भर्ती के लिए योग्यताधारी आवेदकों से दस्तावेज सत्यापन एवं साक्षात्कार उपरांत प्राथमिकता क्रम के आधार नियुक्ति आदेश जारी किया गया है। चयनित अभ्यर्थी 25 जून को शाम 5 बजे के पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में नियुक्ति आदेश में दर्शित नियमानुसार अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा व्याख्याता सामाजिक विज्ञान, शिक्षक अंग्रेजी, सहायक ग्रेड-02, सहायक ग्रेड-03, भृत्य एवं चौकीदार के पदों में उपस्थित अभ्यर्थी के न्यूनतम अर्हताओं का पुनः परीक्षण करने इन पदों की नियुक्ति रोकी गई है।

# जेल व थाना प्रांगण में चलाया ब्रह्माकुमारीज ने नशामुक्त कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कांकेर

■ महिलाएं भी आ रहीं इसकी चपेट में : बीके रामा दीदी



ब्रह्माकुमारीज के तत्वाधान में एक संगोष्ठी आयोजित किया गया। जेल परिसर में 200 से अधिक विचाराधीन बंदियों के लिए डेढ़ घंटे का नशामुक्त कार्यक्रम जेलर रेणु ध्रुव के सानिध्य में किया गया। संचालिका द्वारा नशे के प्रकार, उनसे होने वाले दुष्प्रभाव और नशे उन्मूलन के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। मेडिटेशन कराया जिसे सभी ने ध्यान से सुना और सभी ने दृढ़ प्रतिज्ञा किया, कि यहां से बाहर जाकर कभी इसका सेवन नहीं करेंगे और न किसी को करने देंगे। यह आयोजन सामाजिक न्याय और अधिकारिक मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग के संदर्भ में किया गया। मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारीज की प्रभारी बीके रामा दीदी ने कहा आज वर्तमान में नशा एक ज्वलंत समस्या के रूप में उभर चुका है। समाज के सभी वर्ग, बच्चे, जवान व बूढ़े, इसकी गिरफ्त में हैं एवं महिलाएं भी इससे अछूती नहीं हैं। इससे शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, सामाजिक, आर्थिक, क्षति हो रही है और इसे रोकने के भरसक कोशिश की जा रही है। इसे हल्के में ना लेकर एक जन आंदोलन का रूप देना होगा और परिवर्तन की शुरुवात स्वयं से करनी होगी। अगर हम किसी ना किसी नशे के आदि हैं, तो पहले हमें इसे त्यागने का दृढ़ संकल्प लेना होगा और अगर हम नशा नहीं करते तो भी हमें परिवार, मोहल्ले, समाज के उन लोगों को जो नशे के आदी है। उन्हें इससे मुक्त करने के लिए हर संभव प्रयत्न कर सहयोग देना है और सभी लोगों ने धान से सुना और आश्वासन दिया।

इस अवसर पर थाना प्रभारी मनीष नागर, यातायात विभाग के आरआई दीपक साव और दोनों विभागों के समस्त कर्मचारी एवं महेश्वर साहू, ब्रह्माकुमारीज के सदस्य रामनारायण पटेल, इकलेश साहू, रोशनी सिन्हा, गेंद सिंह नेताम, सत्यप्रकाश शर्मा, तुषार मरकाम, विजय भदौरिया उपस्थित रहे।

# मेडिकल कॉलेज व अस्पतालों में लगाई पाबंदियों के विरोध में पत्रकारों ने आदेश की प्रतियां जलाकर किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कांकेर



स्वास्थ्य सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग के द्वारा मेडिकल कॉलेज व अस्पतालों में पत्रकारों पर लगाई गई पाबंदियों के विरोध में जिला अस्पताल के सामने कांकेर प्रेस क्लब ने आदेश की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया है। कांकेर प्रेस क्लब ने 3 दिन के भीतर इस फरमान को वापस लेने अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

स्वास्थ्य विभाग के सचिव द्वारा 17 जून को एक आदेश जारी किया गया था, जिसमें मेडिकल कालेज एवं अस्पतालों में मीडिया के द्वारा फोटो, वीडियो ग्राफी को गलत ठहराया गया था और साथ ही मेडिकल कालेज में पीआरओ की नियुक्ति कर उसके माध्यम से पत्रकारों को जानकारी देने की बात लिखी गई थी, जिससे प्रदेश भर के पत्रकारों में आक्रोश है। कांकेर प्रेस क्लब के अध्यक्ष उगेश सिन्हा ने कहा कि यह आदेश पूर्ण रूप से मीडिया की स्वतंत्रता पर हमला है। पत्रकार जो कमियां ढूंढ कर प्रकाशित करते है व उसके बाद उन कमियों को दूर करने का काम खुद विभाग और सरकार करती है, लेकिन अब पीआरओ हमें बताएगा कि क्या खबरें लगानी हैं और क्या नहीं ये अनुचित है। प्रेस क्लब के संरक्षक विजय पांडेय ने कहा जो आदेश वायरल हो रही है, उसमें किसी जिम्मेदार अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं है। पहले यह स्पष्ट करना चाहिए कि आदेश जारी हुआ है या किसी ने फर्जी आदेश वायरल कर दिया है और यदि शासन की ओर से इस तरह का फरमान जारी किया है तो इसे तत्काल वापस लेना चाहिए। संरक्षक राजेश शर्मा ने भी इसे अनुचित बताते हुए इस आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की है, अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रदर्शन के बाद कलेक्टर के नाम का ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया।

विरोध प्रदर्शन के दौरान हरिलाल शार्दुल, अमित चौबे, खेमनारायण शर्मा, सतीश यादव, योगेंद्र सिंह बैंस, हबीब राज, लोकेंद्र सिंह ठाकुर, वीरेंद्र यादव, प्रकाश ठाकुर, तामेश्वर सिंहा, गौरव श्रीवास्तव, एसए हफीज रिजवी, नीरज तिवारी, राजकुमार कश्यप, शाहरुख खान, आशीष परिहार, प्रशांत जोशी, दीपक पुड़ो, तेजमल नाग, अभय शर्मा, हिमांशु यादव उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

